राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 07 फरवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष श्री सतीश पूनियां द्वारा कोटा में कांग्रेस पार्टी के लिये की गई अमर्यादित टिप्पणी को निन्दनीय बताया है तथा उन्होंने कहा कि राजस्थान की राजनीति में इस प्रकार की अशोभनीय तथा असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल कभी किसी दल द्वारा नहीं किया गया है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतर्वेदी ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री सतीश पूनियां द्वारा कांग्रेस पार्टी के लिये की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में कल दिनांक 08 फरवरी, 2022 को प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 07 फरवरी। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री टीकाराम पालीवाल की पुण्यतिथि के अवसर पर कल दिनांक 08 फरवरी, 2022 मंगलवार को प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter